मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर

क्रमांक / मोलासुविवि / परीक्षा / 2023 / 6730 दिनांकः 15.12.2023

सेवामें,
अधिष्ठाता / निदेशक / प्राचार्य / विभागाध्यक्ष,
संघटक महाविद्यालय / सम्बद्ध महाविद्यालय / विश्वविद्यालय विभाग,
....

मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय
उदयपुर।

विषयः परीक्षा–2024 के परीक्षा आवेदन एवं शैक्षणिक बैंक खाता (Academic Bank Account) के संबंध में।

महोदय / महोदया,

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP-2020) के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के समस्त संघटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य के प्रथम सेमेस्टर के नियमित विद्यार्थियों से परीक्षा– 2024 के लिए ऑनलाईन परीक्षा आवेदन आमन्त्रित किये जा चुके हैं।

समस्त पाठ्यक्रमों में ऑनलाईन आवेदन 14.12.2023 से प्रारम्भ होकर आवेदन की अन्तिम तिथि 25.12.2023 रहेगी। साथ ही समस्त अभ्यर्थी को परीक्षा आवेदन की हार्ड कापी संबंधित महाविद्यालयों में दिनांक 28.12.2023 तक अनिवार्य रूप से संबंधित महाविद्यालय में जमा करानी है।

अभ्यर्थियों को परीक्षा आवेदन करने से पूर्व ABC पंजीकरण कराया जाना अनिवार्य है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), नई दिल्ली ने विश्वविद्यालयों में एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (ABC) के क्रियान्वयन के लिए निर्देश जारी किए हैं। अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स ABC छात्रों द्वारा अर्जित क्रेडिट को ध्यान में रखते हुए डिग्री / डिप्लोमा / सर्टिफिकिट प्रदान करने के लिए ABC के साथ पंजीकृत उच्च शिक्षण संस्थान से छात्रों द्वारा अर्जित अकादमिक क्रेडिट को डिजिटल रूप से संग्रहित करेगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुसार ABC की परिकल्पना एक उपर्युक्त क्रेडिट ट्रांसफर तंत्र के साथ देश में उच्च शिक्षण संस्थान में छात्रों के पाठ्यक्रम ढांचे के लचीलेपन और अंतः विषय / बहुविषयक शैक्षणिक गतिशीलता को बढ़ावा देने के लिए की गई है। अतः सभी विद्यार्थियों (नव प्रवेशित+पूर्व प्रवेशित) को ABC ID बनाना अनिवार्य है।

सभी संघटक महाविद्यालयों / सम्बद्ध महाविद्यालयों / विश्वविद्यालय विभागों के अधिष्ठाता / निदेशक / प्राचार्य / विभागाध्यक्ष से अनुरोध है कि विभिन्न पाठ्यक्रम में पंजीकृत छात्रों को ABC सुविधा के बारे में जागरूक करें और उन्हें ABC पोर्टल (www.abc.gov.in) से अकादमिक बैंक खाता खोलने के लिए प्रोत्साहित करें।

CONTROLLER OF EXAMINATION
MOHANLAL SUKHADIA UNIVERSITY
UDAIPUR

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर

अकादमिक बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.mlsu.ac.in के होम पेज पर उपलब्ध है। वर्तमान सत्र से, विश्वविद्यालय यूजीसी के निर्देशों का पालन करने के बाध्य है और ***वैध ABC ID के बिना छात्र/छात्राओं को किसी भी PG/UG/Diploma/Certificate Course (नियमित/स्वयंपाठी) के परीक्षा फॉर्म भरने की अनुमति नहीं दे पायेगा।***

अकादमिक बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया–

1. www.abc.gov.in पर जाएं।
2. my account..> student पर क्लिक करें।
3. नए उपयोगकर्ता के लिए – "मेरी पहचान के लिए साइन अप करें" पर क्लिक करें।
4. अपना मोबाईल नंबर दर्ज करें, आपको अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी मिलेगा।
5. सभी आवश्यक विवरण भरें और Verify पर क्लिक करें।
6. छात्र को एबीसी आईडी (१२ अंक) मिलेगी। इन विवरणों को कॉलेज रिकॉर्ड के लिए रखें।

नोटः

1. अन्य पाठ्क्रमों (नियमित/स्वंयपाठी) के परीक्षा आवेदन शीघ्र आमन्त्रित किये जायेगें।
1. स्नातक द्वितीय, तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध परीक्षा 2024 में आवेदन करने का एक और अवसर दिया जायेगा जिसकी सूचना विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध करवा दी जायेगी।
2. परीक्षा संबंधी आगामी समस्त जानकारी के लिए विद्यार्थी विश्वविद्यालय वेबसाईट www.mlsu.ac.in का निरन्तर अवलोकन करते रहें।

धन्यवाद

(डॉ. राजेश चन्द्र कुमावत)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. कुलसचिव, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
2. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदया, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
3. रक्षित पत्रावली

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)